तैयारियां ▶ 22 से शुरू होगा संस्कारधानी में शारदेय नवरात्र

# माता जगत-जननी की भक्ति में डूबेगा शहर





**नवभारत, जबलपुर।** 22 सितंबर से शारदेय नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। संस्कारधानी में नवरात्रि और दशहरा के इस पावन पर्व को शहर का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। सिर्फ 9 दिन ही नहीं लगभग 15 दिनों तक मां जगत जननी की आराधना उनके भक्तों द्वारा की जाती है। जिसमें शहर भर में दुर्गा एवं काली जी की प्रतिमाओं को कलाकार अंतिम रूप देने लेगे है। समितियों द्वारा भी पंडालों में जोर शोर से तैयारी चल रही है। इसके अलावा मंदिरों और घरों के दिवालों में साफ-सफाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर का ऐतिहासिक दशहरा भी इसी नवरात्रि में निकलता है, जो की एक आस्था का केंद्र होता है, जिसमें जन सैलाब उमड़ पड़ता है।

### घरों एवं मंदिरों में तैयारी शुरु

शारदेय नवरात्र आते ही सभी घरों और मंदिरों में साफ- सफाई के साथ-साथ नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। हिंदू सनातन धर्म के अनुसार घरों में बने दिवाले और सभी देवी मंदिरों में जवारे बोए जाते हैं और पूरे 9 दिन तक विधि विधान से जगदम्बा का पूजन- अर्चन किया जाता है। इसके साथ ही अखंड पाठ, रात्रि जागरण एवं प्रसाद वितरण भंडारा आदि कार्यक्रम भी अयोजित किए जाते हैं।

### शहर की गलियां सज रही

माता रानी के आगमन के पूर्व ही शहर की सभी गली- मोहल्ले और मुख्य सड़क समितियां द्वारा सजाई जा रही हैं। इसके साथ ही तरह-तरह की आकर्षक सजावट एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी की गई है। जिससे पूरे नवरात्रि में शहर की प्रत्येक गलियों में अलग ही धूम रहने वाली है।

### इस बार 10 दिन नवरात्र, 11 वें दिन रहेगा दशहरा

उल्लेखनीय है कि बैठकी से प्रारंभ हुए नवरात्रि पर्व नौ दिनों तक चलता है, लेकिन इस बार नवरात्रि 10 दिनों तक रहने वाली है इसका कारण है की तिथि अनुसार 25 और 26 सितंबर को दोनों दिन चौथ मनाई जाएगी, वहीं 30 सितंबर को दुर्गा अष्टमी, फिर 1 अक्टूबर को दुर्गा नवमी है। जिसके चलते इस बार ग्यारहवें दिन 2 अक्टूबर को दशहरा निकलेगा।

### समितियां बना रही आकर्षक पंडाल

संस्कारधानी की नवरात्रि पूरे मध्य प्रदेश में अलग ही अपनी छठ बिखेरती है। जिसमें शहर की विभिन्न समितियों द्वारा बड़े ही भव्य रूप में मां जगत जननी के आगमन के पूर्व से ही उनके पंडालों में आकर्षक सजावट की जाती है। जिसमें तरह-तरह के दृश्य, झांकियां, मंदिर और भव्यता दिखाई जाती है। समितियों द्वारा विराजमान दुर्गा प्रतिमा को देखने के लिए दूर- दराज के भी लोग यहां आते हैं। जिसमें दशहरे पर्व तक भारी जन सैलाब शहर में उमड़ता है। पूरे नवरात्र पर्व संस्कारधानी में भक्ति की धारा बहती है।



## श्रद्धालुओं को नहीं हो परेशानी व्यवस्थाएं रहे चाक चौबंध : महापौर

▶ नवरात्रि षष्ठी के पहले शहर की सड़कें गड्ढ़ा मुक्त होंगी

**जबलपुर।** नवरात्रि पर्व पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की। महापौर ने स्वास्थ्य विभाग, लोककर्म और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को हिदात देते हुए निर्देशित किया कि नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगरीय निकाय क्षेत्रों के सभी 79 वार्डो में पेंचवर्क के कार्यो को गुणवत्ता के साथ कराने के साथ-साथ बिजली व्यवस्था और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्हांने समीक्षा बैठक में सभी संबंधितों को 24 घंटे अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिये। उक्त कार्यो में कोई भी अधिकारी कर्मचारी लापरवाही न बरतें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। महापौर श्री अन्नू ने सड़कों की मरम्मत नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने के पूर्व कराकर गड्ढा मुक्त करने अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शहर के सभी विसर्जन कुण्डों तथा उसके आस-पास के पहुँच मार्गो की भी मरम्मत कराई जाये, प्रकाश, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ भी अपने-अपने विभाग से संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, एवं संबंधित विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### हिंदी का प्रयोग शत-प्रतिशत करने लें संकल्प

**जबलपुर।** प्रोफेसर डॉ अरूण शुक्ल के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त । राकेश सहरावत की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा-2025 का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में डॉ अरूण शुक्ल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त। राकेश सहरावत ने अपील कि की पखवाडा के दौरान कार्यालय में आयोजित की जाने वाली समस्त प्रतियागिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने का अनुरोध किया। कार्यकम के अगले चरण में स्टाफ सदस्य शफीक अहमद कुरैशी, पंकजमणि त्रिपाठी, आशीष श्रीवास्तव, पुनीत सिंह, विरेन्द्र चौरसिया, रोहित गौड, सुश्री प्रमिला उइके एवं नारायण मिनोटे द्वारा हास्य व्यंग रचना तथा गीत की प्रस्तुति दी। स्टाफ सदस्यो के बच्चों कु द्वारा कविता पाठ किया गया। सहायक आयुक्त, संदीप कुमार मिश्रा तथा करूणाकर पाण्डे द्वारा भी विचार व्यक्त किये गये।



### हिंदी दिवस पर संदेश का वाचन

**जबलपुर।** गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पश्चिम मध्य रेल, महाप्रबधंक कार्यालय में शोभना बंदोपाध्याय महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी सह मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एम.एस.हाशमी के मार्गदर्शन में दिनांक 08 से 25 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़ा - 2025 का आयोजन किया जा रहा है। राजभाषा पखवाड़ा - 2025 के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। दिनांक 25 को राजभाषा पुरस्कार वितरण, कवि सम्मेलन एवं राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।



### हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने चलाया प्रेरणा का अभियान

**जबलपुर।** प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा (मुख्यालय जबलपुर) की लालकिला परिसर में राष्ट्रभाषा हिन्दी विषयक अभिव्यक्ति सभा आयोजित की गई। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु पूरे देश में प्रेरणा का अभियान चलाया जा रहा है। प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप मिश्रा अजनबी एवं पूरे देश से आये प्रतिनिधियों द्वारा हिन्दी को शीघ्र राष्ट्रभाषा बनाने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया। द्वितीय चरण में आयोजित कवि सम्मेलन में काव्य पाठ किया। कवि सम्मेलन का संचालन सीमा शर्मा मंजरी ने किया व आभार कवि संगम त्रिपाठी ने अभिव्यक्त किया।



### हिंदी गीत संगीत ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी महोत्सव के अंतर्गत शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में कार्मिकों ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अहिन्दी भाषी दंपति डा. तापसी नागराज व मुरलीधर नागराज उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डा. तापसी नागराज ने कहा कि किसी भी अभव्यिक्ति के लिए हिन्दी सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि हिन्दी गीत व संगीत ने पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन एवं मध्यप्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अखिलेश अग्रवाल, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व संयोजक दीपक निगम सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे।

## भगवान श्री विश्वकर्मा का पूजन पर होंगे विविध आयोजन

**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा भगवान के पूजन दिवस पर उत्सव सा माहौल रहेगा। पूजन दिवस के अवसर पर श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के नेतृत्व में विश्वकर्मा समाज का प्रमुख आयोजन मानस भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसके उपरांत शाम 4 बजे मानस भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भगवान श्री विश्वकर्मा का संदेश देते हुए पुनः मानस भवन पहुंचेगी। जहां पर प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में उपस्थिति की अपील श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अरविन्द्र विश्वकर्मा, अजय गोविन्द विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा, संगीता दीपक विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, निरंजन विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, हरि मासाब, कमलेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र विश्वकर्मा, बीपी विश्वकर्मा, प्रियांक विश्वकर्मा, एड डी आर विश्वकर्मा, एड अमित विश्वकर्मा आदि ने की है।

## सच्ची मित्रता के प्रतीक हैं श्रीकृष्ण-सुदामा

▶ पुरानी जगदम्बा कालोनी में भागवत कथा का आयोजन

**जबलपुर।** भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जी की मित्रता समाज में आर्थिक रूप से फैले भेदभाव को मिटाती है। लक्ष्मी पति होते हुए भी भगवान श्रीकृष्ण ने सुदामा जैसे गरीब और निर्धन ब्राह्मण से मित्रता निभाई। वास्तव में भगवान श्रीकृष्ण सुदामा ही सच्ची मित्रता के प्रतीक हैं। इसी प्रसंग से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेना चाहिए। जीवन में एक सच्चा मित्र बहुत आवश्यक होता है, जो बिना किसी स्वार्थ के मित्रता के वास्तविक मूल्य को समझे। उक्त



उदगार पुरानी जगदम्बा कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शिव मंदिर कचनार सिटी बड़े शंकर जी के मुख्य आचार्य तथा मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक प्रसिद्ध कथा वाचक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने व्यक्त किए। व्यास पीठ से शास्त्री जी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के अनेक प्रसंगों पर विस्तार से प्रवचन दिए। परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ विगत सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विराम हुआ। पूजन कार्य संजय उपाध्याय और अमित उपाध्याय ने संपन्न कराया। स्व.वायके शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ का पूजन सरला शर्मा तथा रश्मि शर्मा ने किया। इस दौरान शरद शर्मा, प्रिंसी सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।



### अन्जुमन इस्लामिया का स्थापना दिवस आज

**जबलपुर।** प्रदेश व नगर की प्राचीनतम शैक्षणिक संस्थाओं में एक अन्जुमन इस्लामिया वक्फ अपना 149 वाँ स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न उच्च पदों तक पहुँचाने वाली इस संस्थान के संस्थापकों के इसाले सवाब के लिए विभिन्न शाखाओं में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया

## स्थायी हरित भविष्य को साकार करने प्रौद्योगिकी अपनाने की जरूरत

▶ जनेकृविवि में डॉ. केके अग्रवाल स्मृति व्याख्यान

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के अंतर्गत हरित कांति से हरित भविष्य: टिकाऊ मृदा विज्ञान नवाचार विषय पर 22वें डॉ. के.के. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान भारतीय मृदा विज्ञान समिति के जबलपुर चेप्टर द्वारा डॉ. एस. के. पाटिल, पूर्व कुलपति, इंदिरा गांधी, कृ.वि.वि., रायपुर के मुख्य वक्तृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य, डॉ. ए.के. विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक (तिल और रामतिल), जबलपुर के



विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने वन संरक्षण और परंपरागत कृषि प्रणाली के अहम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. पाटिल ने मृदा क्षरण मृदा कार्बनिक कार्बन में गिरावट, पोषक तत्वों का असंतुलन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और छोटे किसानों के बीच आर्थिक संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का उल्लेख किया। व्याख्यान का समापन करते हुए उन्होने कहा कि स्थायी हरित भविष्य को साकार करने हेतु अधिक धन, सहभागी मॉडल, नीतिगत समर्थन और प्रौद्योगिकी अपनाने की आवश्यकता है। चेप्टर के अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने स्वागत उद्बोधन, चेप्टर प्रगति विस्तार एवं मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कु. गायत्री तुरकर एवं आभार प्रदर्शन डॉ. बी. एस.द्विवेदी, सचिव जबलपुर चेप्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. नम्रता जैन, डॉ. एच.के. राय, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. राकेश साहू, डॉ. आर. के. ठाकुर, डॉ. जी.डी. शर्मा, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले. डॉ. किरण पटेल, डॉ. शैलू यादव, धर्मेन्द्र, श्रीमुधकर, रवीन्द्र कछावे, विकास पटेल, श्रीमति सोनिका, श्रीमती दीपा यादव सहित विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## भारतीय किसान संगठन ने किया कलेक्टर का स्वागत

**नवभारत जबलपुर।** भारतीय किसान संगठन के सभी सदस्यों ने नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से मुलाकात कर उनका माँ नर्मदा की पावनधरा पर एवं जाबालि ऋषि की तपो भूमि जबलपुर में स्वागत किया। साथ ही संगठन ने किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा।

इस अवसर पर भारतीय किसान संगठन जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल, राष्ट्रीय महासचिव किशन पटेल, जिला संगठन मंत्री सोनू पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन पटेल, बेलखाडू ब्लॉक संगठन मंत्री सोनू, ब्रजेश पटेल, सौरभ एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।



## कंप्यूटर बाबा ने माँगी भिक्षा

**जबलपुर, नवभारत।** गौवंश की बदहाली को लेकर साधु-संतों के साथ कम्प्यूटर बाबा सोमवार को जबलपुर की सड़कों पर उतरे। ढोल-ढमाकों और बैनरों के साथ उन्होंने दुकानों और चौराहों पर जाकर गौरक्षा यात्रा के लिए भिक्षा मांगी। इस दौरान उनके समर्थक भी मौजूद रहे। बाबा ने कहा कि प्रदेश में गौमाता की स्थिति दयनीय है और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही। कम्प्यूटर बाबा ने घोषणा की कि 7 अक्टूबर से हजारों गायों के साथ गौरक्षा यात्रा शुरू होगी, जो नर्मदापुरम से निकलकर 14 अक्टूबर को भोपाल पहुंचेगी। यह 8 दिन की पैदल यात्रा होगी, जिसमें साधु-संतों और आम जनता की बड़ी संख्या शामिल रहेगी।

## इंजीनियर ही देश की प्रगति के शिल्पकार

▶ हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में मनाया गया अभियंता दिवस

**जबलपुर।** वर्तमान समय में इंजीनियर ने केवल तकनीकी प्रगति के सूत्राधार हैं, बल्कि वे सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के भी वाहक हैं। आज इंजीनियरों की भूमिका केवल मशीनों तक सीमित नहीं है, वे समाज की समस्याओं के समाधान करने वाले विचारशील नागरिक भी हैं। उक्त बातें हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में



इंजीनियर्स डे के अवसर पर मुख्य अतिथि गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजीव चांडक ने भावी इंजीनियरों से कही। शासी निकाय अध्यक्ष इंजी नितिन अग्रवाल ने कहा कि इंजीनियर समाज के निर्माता होते हैं। उनकी सोच और रचनात्मकता ही किसी राष्ट्र को तकनीकी तौर से आत्मनिर्भर बनाती है। विशिष्ट अतिथि आईआईआईटीडीएम के मैकेनिकल विभाग के डॉ पुनीत टंडन और सीएस विभाग के डॉ अतुल गुप्ता ने भावी इंजीनियरों से कहा कि वे अपने ज्ञान का उपयोग समाज हित में करें और नवाचार को प्राथमिकता दें। इस मौके पर पोस्टर मेकिंग, टेक्नीकल गेम, वन मिनिट स्पीच चैलेंज और डांस कॉम्पीटीशन का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने इनोवेटिव आइडियाज प्रस्तुत किए जिसे सभी ने सराहा। इस अवसर पर शासी निकाय अध्यक्ष नितिन अग्रवाल, हितकारिणी सभा के उपसभापति मुकुल खंपरिया, विद्या परिषद के सचिव जयेश सिंह राठौर, वित्त नियंत्रक सतीष रांका, प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, कार्यक्रम समन्वयक प्रो सरिता पटेल सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और स्टुडेंट्स उपस्थित रहे।

उद्घाटन ▶ तीन दिवसीय कबड्डी एवं तीरंदाजी चैंपियनशिप का उद्घाटन

## खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला



**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया में 15 से 17 सितंबर 2025 तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय तीसरी एम.आई.एल वार्षिक कबड्डी एवं तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन समारोह ओलिंपिक ग्राउंड में संपन्न किया गया। तीसरी एम.आई.एल. वार्षिक कबड्डी एवं तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम.आई.एल. के एन.पी. नाइक, निदेशक- एच.आर. द्वारा गेस्ट ऑफ ऑनर उपाध्यक्षा, एम.आई.एल पुणे की डॉ. अनुपमा नाइक, निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक श्री शैलेश वगेरवाल एवं एम.आई.एल खमरिया ब्रॉच की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा वगेरवाल की उपस्थिति में किया गया. उद्घाटन समारोह में संबद्धित संस्थानों के विभागाध्यक्ष भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। उद्घाटन समारोह में निर्माणी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किया गया। मुख्य अतिथि एन.पी. नाइक ने बताया कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि जीवन जीने की एक कला है।

### कबड्डी हमें त्वरित निर्णय लेने की प्रेरणा देती है

कबड्डी हमें भावना, साहस और त्वरित निर्णय लेने की प्रेरणा देती है, वहीं तीरंदाजी एकाग्रता, धैर्य और आत्मविश्वास को मजबूत करती है। इन दोनों खेलों का संयोजन शरीर और मन दोनों के संतुलन का प्रतीक है। इस उद्घाटन समारोह पर आयुध निर्माणी खमरिया के वरिष्ठ अधिकारी, महिला कल्याण समिति की सदस्य, यूनियन, एशोसिएसन एवं अन्य समितियों के प्रतिनिधी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




## कु . सुरभि को एसपी ने किया सम्मानित

▶ एमपी पीएससी में चयनित होने पर बनी वित्त विभाग की सहायक

**जबलपुर।** एमपी पीएससी में चयनित होने पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर मधुर पटेरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक कैंट उदयभान बागरी की उपस्थिति में कु. सुरभि सुरकेल को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुये जबलपुर पुलिस एवं मध्य प्रदेश पुलिस की ओर से शुभकामना दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने आपको इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया है। यह सफलता आपके एवं आपके परिवार के अटूट समर्पण और अथक प्रयास का परिणाम है।

उल्लेखनीय है कि एम.पी.पी.एस.सी. 2024 परीक्षा के अंतिम परिणाम में जबलपुर निवासी कु. सुरभि सुरकेल ने 33वॉं रैंक प्राप्त करते हुये सहायक संचालक (वित्त विभाग) का पद प्राप्त किया है। कु. सुरभि के पिता विनोद सुरकेल थाना हनुमानताल में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ है।